

धोनी जैसा खिलाड़ी अभी चुका नही

दाहिया ने कहा कि अगर भारतीय क्रिकेट पर कोई किताब लिखी जाएगी तो उसमें धोनी पर जरूर एक अध्याय होगा। कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व सहायक कोच का मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी जैसा खिलाड़ी अभी चुका नहीं है।

## 30 साल साथ रहकर भी नहीं जान सकते धोनी के मन की बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर विजय दाहिया ने हाल ही में महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय करियर के बारे में अपनी राय रखी है। दाहिया का मानना है कि धोनी में अभी काफी क्रिकेट बाकी है। दाहिया ने धोनी के करियर को लेकर चल रही तमाम चर्चाओं के बीच कहा है कि सिर्फ पूर्व कप्तान खुद ही जानते हैं कि वह क्या करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि धोनी ने भारतीय क्रिकेट में बहुत योगदान दिया है और उसे हमेशा याद रखा जाएगा। दाहिया ने कहा कि धोनी के दिमाग में क्या चल रहा है यह सिर्फ वही जानते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि महेंद्र सिंह धोनी के साथ अगर कोई 30 साल भी रह ले तो वह इनसान भी नहीं जान पाएगा कि धोनी क्या सोच रहे हैं और आगे क्या करने वाले हैं। ऐसे ही हैं महेंद्र सिंह धोनी। दाहिया ने आगे कहा, जहां तक भारतीय क्रिकेट पर उनके प्रभाव की बात है वह शानदार है। कुछ खिलाड़ी होते हैं और कुछ खास शानदार खिलाड़ी होते हैं और फिर फिर महान खिलाड़ी होते हैं जो अपना असर डालते हैं। जहां तक महेंद्र सिंह धोनी की बात है वह उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जो प्रभाव डालते हैं और ऐसा असर जो हमेशा के लिए बना रहता है।

# मुंबई इंडियंस आधी जंग तो नीलामी में ही जीत लेती है

## आकाश ने मुंबई इंडियंस की कामयाबी के पीछे के राज से पर्दा हटाया

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कामयाबी के पीछे के राज से पर्दा हटाया है। चोपड़ा ने कहा है कि नीलामी के दौरान मुंबई की टीम जो रणनीति अपनाती है वही उसे कामयाबी दिलाती है। इसके साथ ही चोपड़ा ने टीम द्वारा युवा खिलाड़ियों में अधिक निवेश और भरोसा करने की भी तारीफ की है। उन्हें लगता है कि इन खिलाड़ियों ने मुंबई की टीम को काफी फायदा पहुंचाया है।

चोपड़ा ने अपने यू–ट्यूब चैनल पर आईपीएल में मुंबई इंडियंस की कामयाबी को लेकर चर्चा की। क्रिकेटर से कॉमेंटेटर बने चोपड़ा ने कहा कि रणनीति बनाने में मुंबई इंडियंस शानदार है। इसी वजह से वह आधी जंग तो नीलामी में ही जीत लेती है। उन्होंने कहा, उनकी रणनीति टॉप क्लास होती है। वे



अकेली टीम है जो आधी जंग तो आईपीएल टेबल पर ही जीत लेती है। वे वहां इतनी अच्छी टीम बना लेते हैं। उनके पास हर पोजीशन के लिए बैकअप मौजूद होता है।

चोपड़ा ने कहा, जब आप इतने अच्छे खिलाड़ी जमा कर लेते हो, तब आपके किन्हीं खिलाड़ियों को चोट लग जाए या फिर उनकी फॉर्म अच्छी न हो, तब भी आपको कोई समस्या नहीं आती। यह उनकी कामयाबी का एक राज है। वे अच्छे सिलेक्शन की नीति को अपनाते हैं।

चोपड़ा ने इसके साथ ही मुंबई इंडियंस द्वारा युवा खिलाड़ियों को चुनने की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि टीम ने युवा खिलाड़ियों को तैयार करती है। और कुछ साल में वे बड़े खिलाड़ी बन जाते हैं।

**फ्रैंचाइजी के सामने खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को लेकर चुनौतियां**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग की गवर्निंग काउंसिल की रविवार को बैठक होनी है। इसमें आईपीएल के आयोजन को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा होगी। लीग कैसे करवाई जाएगी, उसके लिए क्या दिशा–निर्देश होंगे, ये इस बैठक में चर्चा के अहम बिंदु होंगे। इस बैठक में यूएई में होने वाले आईपीएल के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर को अंतिम रूप दिया जाएगा। एक आईपीएल फ्रैंचाइजी में आमतौर पर 25–28 खिलाड़ी होते हैं। इसके अलावा कम–से–कम 10 से 15 सदस्य सपोर्ट स्टाफ के होते हैं। आईपीएल फ्रैंचाइजी को अपना खुद का बायो–बबल तैयार करना पड़ेगा। इसमें टूर्नामेंट शुरू होने से करीब एक महीना पहले यूएई पहुंचना भी शामिल है। इसके अलावा अपने दल के सदस्यों की संख्या भी कम रखना भी एक विकल्प हो सकता है।

पिछली बार आईपीएल 2014 में यूएई में खेला गया था। उस दौरान टीमें छोटा दल लेकर गई थीं। आमतौर पर फ्रैंचाइजी सीजन के बीच में ही कई खिलाड़ियों को रिलीव कर देती हैं, अगर वह अंतिम एकादश तय नहीं कर पाते हैं।

# मैं इमरान, इयान और हेडली के मुकाबले बेहतर ऐथलीट था: कपिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। क्रिकेट में एक दौर था ऑलराउंडर्स का। उस समय इंग्लैंड से सर इयान बॉथम, न्यूजीलैंड के सर रिचर्ड हेडली, पाकिस्तान के इमरान खान और भारत के कपिल देव का नाम हरफनमौला खिलाड़ियों की चौकड़ी में लिया जाता था। इसमें तुलना होती थी और एक तरह की प्रतिस्पर्धा देखी जाती थी। सबने अलग–अलग मुकाम हासिल किए और अपने–अपने देशों के लिए कई यादगार प्रदर्शन किए।

भारत के वर्ल्ड कप विजेता कप्तान कपिल देव ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में कहा कि वह बाकी तीनों ऑलराउंडर्स के मुकाबले बेहतर ऐथलीट थे। 1970



और 80 के दशक में इन चार ऑलराउंडर्स का बोलबाला था। आंकड़ों के लिहाज से कपिल इन सबमें सबसे आगे नजर आते हैं।

कपिल देव ने हालांकि माना कि वह शानदार ऐथलीट नहीं थे लेकिन बेशक इन चारों में वह सबसे बेहतर ऐथलीट थे। 61 वर्षीय इस पूर्व कप्तान ने बाकी तीन ऑलराउंडर्स की क्षमताओं की खूब तारीफ की। उन्होंने सर हेडली को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बताया और इमरान खान को सबसे मेहनती खिलाड़ी।

कपिल देव का नाम हरफनमौला खिलाड़ियों की चौकड़ी में लिया जाता था

कपिल ने कहा, हम चारों में रिचर्ड हेडली सबसे बढ़िया गेंदबाज थे। वह कंप्यूटर की तरह थे। मैं यह नहीं कहूंगा कि इमरान खान बेस्ट ऐथलीट थे या सबसे नैचुरल थे लेकिन वह सबसे मेहनती खिलाड़ी थे।

## संजय मांजरेकर ने बीसीसीआई से किया कॉमेंटरी पैनल में शामिल करने का अनुरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। क्रिकेटर से कॉमेंटेटर बने संजय मांजरेकर ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से उन्हें आईपीएल के लिए कॉमेंटरी पैनल में शामिल करने का अनुरोध किया है। मांजरेकर को इस साल मार्च में भारत–साउथ अफ्रीका सीरीज से पहले अपने कॉमेंटरी पैनल से हटा दिया था। यह सीरीज हालांकि कोविड–19 के कारण नहीं हो पाई थी। अब मांजरेकर चाहते हैं कि उन्हें 19 सितंबर से 8 नवंबर के बीच होने वाले आईपीएल के लिए दोबारा कॉमेंटरी पैनल में शामिल किया जाए। बोर्ड को लिखे एक मेल में मुंबई रणजी टीम के पूर्व कप्तान ने बोर्ड को आश्वासन दिया है कि वह बीसीसीआई द्वारा जारी गाइडलाइंस पर टिके रहेंगे। इस बाबत बोर्ड को मांजरेकर की ओर से यह दूसरा ईमेल भेजा गया है।

मांजरेकर ने लिखा है, श्बीसीसीआई के आदरणीय सदस्यों, आशा है आप सभी ठीक होंगे। आपको पहले भी मेरी ओर से वह ईमेल मिला होगा जिसमें मैंने कॉमेंटेटर के रूप में अपनी भूमिका के बारे में बताया था। अब जब आईपीएल की तारीखों का ऐलान हो चुका है तो बीसीसीआई.टीवी जल्द ही अपने कॉमेंटरी पैनल का चयन करना।

## न्यूज डायरी



### विली के सामने आयरलैंड पस्त, 6 विकेट से जीता इंग्लैंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साउथैम्पटन। प्लेयर ऑफ द मैच डेविड विले के करियर के पहले पांच विकेट हाउल के बाद सैम बिलिंग्स की 67 रनों की पारी के दम पर इंग्लैंड ने गुरुवार देर रात को द रोज बाउल स्टेडियम में खेले गए पहले वनडे मैच में आयरलैंड को छह विकेट से हरा दिया। इसी के साथ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1–0 की बढ़त ले ली है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर आयरलैंड को बल्लेबाजी के लिए बुलाया और उसे 44.4 ओवरों में ही 172 रनों पर ढेर कर दिया। आयरलैंड को इस स्कोर तक पहुंचाने में कर्टिस कैम्पर (नाबाद 59) और एंडी मैक्ब्राइन के बीच हुई 66 रनों की साझेदारी का अहम योगदान रहा। इस लक्ष्य को इंग्लैंड ने 27.5 ओवरों में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया। आसान से लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को हालांकि परेशानी जरूर हुई। 59 रनों पर ही उसने अपने तीन विकेट खो दिए।

### वेगनर की तरह प्रभावी नहीं होगा भारत का तेज आक्रमण: वेड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर मैथ्यू वेड का मानना है कि आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत का मजबूत तेज आक्रमण बाउंसर फेंकने वाले न्यूजीलैंड के नील वेगनर की तरह प्रभावी नहीं होगा। वेगनर ने पिछले सत्र में टेस्ट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर बाउंसर्स की बौछार कर दी थी। उन्होंने स्टीव स्मिथ, डेविड वार्नर और मार्नस लाबुशेन को मिलाकर दस बार आउट किया। भारतीय टीम को साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। वेड ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, 'टीमें कोशिश कर सकती हैं लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे कामयाब होंगी।' उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि किसी ने उतने बाउंसर डाले होंगे जितने वेगनर ने और वह भी लगातार। उसने विकेट भी चटकाए।' उन्होंने कहा, 'भारतीय गेंदबाज भी कोशिश करेंगे लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे उतने प्रभावी होंगे। वेगनर के पास अनुभव है। मैने ऐसा गेंदबाज नहीं देखा जो बाउंसर इतने सटीक डालता हो।'

### ट्विटर पर फैन ने शाहिद अफरीदी से पूछी उनकी उम्र

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व ऑल राउंडर शाहिद अफरीदी की उम्र आज भी एक अबूझ पहले है। अफरीदी की सही उम्र को लेकर अकसर उनके क्रिकेटर दोस्त भी उनसे सच्चाई पूछते रहते हैं। ऐसा ही कुछ ट्विटर पर अफरीदी के एक फैन ने किया, तो अफरीदी ने इस राज से पर्दा यहां भी नहीं उठाया और इस फैन को एक मजेदार जवाब दे दिया। दुनिया भर में जब कोरोना वायरस के चलते लॉकडाउन लगा हुआ है, तब सिलेब्रिटीज सोशल मीडिया के जरिए अपने फैन्स से कनेक्ट हो रहे हैं। ऐसा ही कनेक्शन बुधवार को पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने स्थापित किया। अफरीदी ट्विटर पर फैन्स के साथ सवाल–जवाब का सेशन कर रहे थे। सवाल जवाब के इस सेशन में एक फैन ने इस पूर्व ऑलराउंडर क्रिकेटर से पूछ लिया, आपकी उम्र? इस पर अफरीदी ने एक फनी उत्तर देते हुए इस राज को यहां भी राज ही रहने दिया।

### वसीम अकरम ने की आईपीएल की तारीफ, बोले– क्रिकेट का सबसे बड़ा टूर्नामेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान वसीम अकरम ने इंडियन प्रीमियर लीग और पाकिस्तान सुपर लीग के बीच अंतर बताते हुए कहा कि भारतीय लीग में जितना पैसा शामिल है, वह उसे दुनिया का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बनाता है। अकरम ने साथ ही बीसीसीआई द्वारा आईपीएल से मिलने वाले पैसे को प्रथम श्रेणी क्रिकेट के लिए उपयोग में लिए जाने के फैसले की तारीफ की है। इस पूर्व तेज गेंदबाज के मुताबिक इसी कारण भारत हाल ही में अच्छे, आत्मविश्वासी खिलाड़ी निकालने में सफल रहा है। अकरम ने तनवीर अहमद से उनके यूट्यूब शो पर कहा, आईपीएल और पीएसएल में अंतर है। बीते 5–6 साल में काफी अंतर रहा है। उन्होंने काफी सारा पैसा लगाया है। आईपीएल दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट है।